भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य और परिवार
कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

Indian Council of Medical Research
Department of Health Research, Ministry of Health
and Family Welfare, Government of India

**फ़ा.सं.:आईसीएमआर/सीपीसी/2023-24/स्ट्रीमलाइनिंगसीपीसी/03-भाग(4) (ई कार्यालय-253731)**

**दिनांक: 31/10/2025**

सेवा में

निदेशक/प्रभारी निदेशक

परिषद मुख्यालय के सभी संस्थान केंद्र

**विषय: अभिरुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण-नियमित।**

**संदर्भ: हमारे कार्यालय के दिनांक 12/09/2025 के पत्र संख्या: आईसीएमआर/सीपीसी/2023-24/स्ट्रीमलाइनिंगसीपीसी/03 (ई-कार्यालय सं.-154410) का अवलोकन करें।**

महोदय/महोदया,

कृपया, परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली के केंद्रीय प्रापण प्रकोष्ठ (सीपीसी) में स्थानांतरण/तैनाती हेतु परिषद मुख्यालय/संस्थानों/केंद्रों में कार्यरत इच्छुक आईसीएमआर के वैज्ञानिक डी/ई (चिकित्सा/गैर-चिकित्सा) और अनुभाग अधिकारियों से **संशोधित** अभिरूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित करने हेतु इसके साथ संलग्न है। इच्छुक व पात्र उम्मीदवार संलग्न प्रारूप में अभिरूचि की अभिव्यक्ति के अनुसार अपना अनुरोध उचित माध्यम से 28.11.2025 **(विस्तारित तारीख़**) तक ईमेल आईडी drjoyk@icmr.gov.inपर भेज सकते हैं।

भवदीय,

डॉ. जॉय कुमार चकमा

वैज्ञानिक एफ एवं प्रमुख, सीपीसी

**संलग्नक: यथोक्त**

**प्रतिलिपि:**

1. महानिदेशक/वरि. उपमहानिदेशक (प्रशा.)/वरि. वित्त सलाहकार के निजी सचिव
2. सभी प्रभाग प्रमुख
3. उपमहानिदेशक (प्रशा.)/सहायक महानिदेशक (दोनों)
4. डॉ. एम.एस. चाल्गा, वैज्ञानिक-डी, परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ।

वी. रामलिंगस्वामी भवन, पोस्ट बॉक्स नं. 4911,
अंसारी नगर, नई दिल्ली - 110 029, भारत
V. Ramalingaswami Bhawan, P.O. Box No. 4911,
Ansari Nagar, New Delhi - 110 029, India

Tel: +91-11-26588895 / 26588980 / 26589794
+91-11-26589336 / 26588707
Fax: +91-11-26588662 | icmr.nic.in

# भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद

## अभिरूचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण

परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली के केंद्रीय प्रापण प्रकोष्ठ (सीपीसी) में स्थानांतरण/ तैनाती हेतु परिषद के मुख्यालय और/या संस्थानों के वैज्ञानिकों से अभिरुचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है।

परिषद मुख्यालय और देश भर में स्थित इसके सभी संस्थानों के जैव चिकित्सा अनुसंधान और अनुसंधान एवं विकास की गतिविधियों को सार्वजनिक खरीद के माध्यम से सहायता देने के लिए परिषद मुख्यालय का केंद्रीय प्रापण प्रकोष्ठ उत्तरदायी है, जो संस्थान के निदेशक/प्रमुख की प्रत्यायोजित वित्तीय शक्तियों से परे है। इस संबंध में, परिषद देश में जैव चिकित्सा अनुसंधान के विनियमन, समन्वय और प्रोन्नति हेतु देश का सर्वोच्च अनुसंधान निकाय होने के नाते, और किसी महामारी पर तत्काल ध्यान देने के साथ-साथ, महामारी को नियंत्रित करने और प्रोन्नत अनुसंधान एवं अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में परिषद की ज़िम्मेदारी की भूमिका बहुत बढ़ गई है और राष्ट्र के लिए नीतिगत निहितार्थ के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। इस प्रकार, परिषद के संस्थानों के नेटवर्क के भीतर प्रोन्नत जैव चिकित्सा अनुसंधान के संचालन के लिए, उच्च-स्तरीय उपकरणों सहित अनुसंधान का मूलभूत ढांचा उपलब्ध होना अनिवार्य है। इस महत्वपूर्ण परिस्थिति में, अनुसंधान और अनुसंधान एवं विकास की गतिविधियों को सहयोग देने के लिए केंद्रीय प्रापण प्रकोष्ठ (सीपीसी) अनिवार्य उपकरणों (सामान)/अनिवार्य आपूर्ति जैसे अभिकर्मक और सेवाएँ समय पर उपलब्ध कराने में एक केंद्रीय भूमिका निभाता है। किसी संगठन की सार्वजनिक खरीद प्रणाली में न केवल खरीद से संबंधित सभी नियमों और विनियमों का अनुपालन करना अनिवार्य है, बल्कि तकनीकी विशेषज्ञता और सक्षमता भी अनिवार्य है, जिसमें निर्बाध सामग्री/भंडार-गृह प्रबंधन के लिए समय पर खरीद के साथ-साथ सही तकनीक/उत्पाद और सही गुणवत्ता वाले उत्पाद का निर्धारण करने में वैज्ञानिक/अनुसंधान प्रशासक की भूमिका और योगदान अति महत्वपूर्ण है।

उपरोक्त पृष्ठभूमि के साथ, परिषद मुख्यालय और इसके संस्थानों/केंद्रों में कार्यरत इच्छुक और पात्र वैज्ञानिकों से संलग्न प्रारूप के अनुसार आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जिन्हें इस ईओआई की अधिसूचना के **प्रकाशन तारीख से चार सप्ताह के भीतर उचित माध्यम से प्रस्तुत किया जाना है और सभी आवेदन संबंधित निदेशक/निदेशक प्रभारियों के माध्यम से अग्रेषित किए जाएं।** आवेदन सभी संबंधित दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ संलग्न करते हुए **ई-मेल आईडी** drjoyk@icmr.gov.in पर भेजा जाए।

अपेक्षित पद का विवरण:

**1. पद एवं संख्या: वैज्ञानिक डी/ई (चिकित्सा/गैर-चिकित्सा) : 01**

| **विषय एवं संबंधित विषय** | **अनुभव** | **चयन का तरीका** |
|---|---|---|
| परिषद के आरआर (RR) एवं एफसीएस (FCS), नियामवली के अनुसार | 1. वैज्ञानिक गतिविधियों/अनुसंधान प्रबंधन में अच्छा करियर ट्रैक रिकॉर्ड<br>2. सार्वजनिक खरीद के कार्यों में **1-2 वर्ष** का व्यावहारिक अनुभव। | साक्षात्कार व व्यक्तिगत चर्चा |

**2. पद एवं संख्या: अनुभाग अधिकारी: 01**

| **अनुभव** | **चयन का तरीका** |
|---|---|
| अनुभाग अधिकारी के रूप **1-2 वर्ष** की नियमित सेवा के साथ जेम (GeM) के माध्यम से खरीद-संबंधी मामलों को संभालने का अनुभव। | साक्षात्कार व व्यक्तिगत चर्चा |

# आवेदन प्रारूप

**केंद्रीय प्रापण प्रकोष्ठ, परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली में स्थानांतरण के लिए इच्छुक कर्मचारी**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में) गुण-विशेषता सहित (प्रो./ डॉ./श्री/सुश्री) | |
| 2. | वर्तमान पदनाम व वेतन-स्तर | |
| 3. | जन्म तिथि | |
| 4. | वर्तमान संस्थान/केंद्र/प्रभाग | |
| 5. | परिषद मुख्यालय/संस्थान में कार्यभार ग्रहण करने की तारीख़ | |
| 6. | वर्तमान पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तारीख़ | |
| 7. | शैक्षिक पृष्ठभूमि (केवल विश्वविद्यालय की डिग्रियाँ) | |
| 8. | अनुभव | |
| 9. | इस स्थानांतरण में आपकी अभिरुचि और आप इसके लिए क्यों उपयुक्त हैं? इस पर 200 शब्द लिखें | कृपया अनुलग्नक संलग्न करें |
| 10. | कार्य-क्षेत्र में प्रकाशन/उपलब्धियां | कृपया अनुलग्नक संलग्न करें |
| 11. | सार्वजनिक खरीद में अनुभव का विवरण | कृपया अनुलग्नक संलग्न करें |
| 12. | अन्य कोई सूचना, जो आप देना चाहें | कृपया अनुलग्नक संलग्न करें |
| 13. | अनापत्ति प्रमाण-पत्र/उचित माध्यम से आवेदन प्रस्तुत करने में सहायक दस्तावेज | कृपया अनुलग्नक संलग्न करें |

आवेदक के हस्ताक्षरः

दिनांक:

स्थान:

(निदेशक/निदेशक-प्रभारी के प्रतिहस्ताक्षर)